नैया है मझधार श्याम इसे पार लगा जाओ लिरिक्स

नैया है मझधार श्याम इसे पार लगा जाओ

नैया है मझधार श्याम इसे,
पार लगा जाओ,
ओ लीले असवार दयालु,
जल्दी आ जाओ,
आ जाओ प्रभु आ जाओ प्रभु
लीले चढ़ के आ जाओ ॥

नैया मेरी डूब रही है,
केवट बैठा है चुपचाप,
मेरी बर्बादी की लीला,
कैसे देख रहे हो आप,
क्यों करते इंकार,
मुझे यह भेद बता जाओ।
ओ लीले असवार दयालु,
जल्दी आ जाओ,
नैया है मझधार ॥

तूफानों से लड़ते-लड़ते,
हार गया है दास तेरा,
तुझपर दारमदार प्रभु अब,
टूटे ना विश्वास मेरा,
संभालो पतवार,
भँवर से इस बचा जाओ।
ओ लीले असवार दयालु,
जल्दी आ जाओ,
नैया है मझधार ॥

बीच भँवर में दूजा केवट,
श्याम कहां से लाऊं में,
तुझ बिन रक्षा हो नहीं सकती,
कितना भी चिल्लाऊं मैं,
तेरा ही आधार,
प्रभु मोहे धीर बंधा जाओ।
ओ लीले असवार दयालु,
जल्दी आ जाओ,
है मझधार ॥

दीनदयालु नाम तुम्हारा,
नाम की लाज रखो सरकार,

थोड़ी सी अगर किरपा करो तो,
हो जाएगा बेड़ा पार,
(बिन्नू) है लाचार,
प्यार अपना बरसा जाओ।
ओ लीले असवार दयालु,
जल्दी आ जाओ,
नैया है मझधार ||

नैया है मझधार श्याम इसे,
पार लगा जाओ,
ओ लीले असवार दयालु,
जल्दी आ जाओ,
आ जाओ प्रभु आ जाओ प्रभु
लीले चढ़ के आ जाओ ।।